तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

10 आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना होने पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई



10 खाद्य उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर, विदेश की ओर रुख न करें युवा



## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में मारपीट करने का आरोप

**यमुनानगर।** जमीनी विवाद के कारण गांव बाक्करवाला निवासी नरेंद्र कुमार ने अपने दो भाईयों व उनके दो लड़कों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई मोहनलाल व प्रदीप कुमार उससे जमीनी विवाद के कारण रंजिश रखते हैं।

### तीन महिला नशा तस्करों को काबू कर गांजा बरामद

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र ने गुप्त सुचना के आधार पर तीन महिला नशा तस्करों से मोहन नगर ओवर ब्रिज पूल के नीचे नजदीक हनुमान मंदिर के पास 6 किलो 950 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### चोरों ने घर से चुराई 80 हजार रुपये व आभूषण

**यमुनानगर।** साढौरा में चोरों ने दिन दहाड़े घर का ताला तोड़कर 80 हजार रुपये, सोने की तीन अंगूठियां, मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य अपनी कपड़े की दुकान पर थे। घर लौटे तो गेट व अलमारी का ताला टूटा मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढौरा निवासी अमित गेरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता की कपड़े की दुकान है।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस दल ने आरोपी प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। चौड़मस्तपुर के जय सिंह ने 18 सितंर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 दिसंबर 2018 से 1 अप्रैल 2022 के दौरान आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कर्मियों ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को लिखा नोटिस

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की जिला कमेटी करनाल की ओर से कहा गया कि करनाल जिले में छह सीडीपीओ और एक जिला कार्यक्रम अधिकारी होने चाहिएं, लेकिन पिछले एक महीने से सिर्फ एक सीडीपीओ नीलोखेड़ी के सहारे ही चल रहे महिला एवं बाल विकास के छह ब्लाक व 1450 आंगनवाड़ी केंद्र और पिछले 2 महीने से मानदेय न मिलने और पिछले 8-9 महीने से आंगनवाड़ी केंद्रों में कच्चा राशन नही मिलने से नाराज यूनियन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी करनाल को नोटिस लिख दिया।

### नायब सैनी ने लिया लस्सी-गुड़ के साथ बाजरे की रोटी का स्वाद

# सीएम बोले, गांव आकर मिला सुकून व मिट्टी की खुशबू, खींच लाया बुजुर्गों का आशीर्वाद



**अंबाला।** सीएम नायब सैनी के माथे पर तिलक लगाती मां।

### मनोहर लाल ने बड़ी कुर्बानी दी, एक पिता भी बेटे के लिए ऐसा नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश के नवनियुक्त सीएम नायब सिंह सैनी वीरवार को पहली बार अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने सैनी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे। ग्रामीणों का कहना था कि पहली बार देश के नक्शे पर उनके कस्बे व गांव का नाम चमका है। इससे पहले सीएम ने खेड़े पर भी मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। यहां अपने संबोधन में सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने इतनी बड़ी कुर्बानी दी है कि एक पिता अपने बेटे के लिए नहीं दे सकता। यह सम्मान आप लोगों का है। ग्रामीणों को संबोधित करने से पहले सीएम की मां कुलवंत कौर ने तिलक करके बेटे का स्वागत किया और अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, राज्यमंत्री असीम गोयल, राज्यमंत्री एवं थानेसर से विधायक सुभाष सुधा समेत अन्य मौजूद रहे।



**अंबाला।** खेड़े पर मत्था टेककर आशीर्वाद लेते हुए सीएम। *फोटो : हरिभूमि*

सीएम नायब सिंह सैनी ने मंच से सांसद स्व. रतन लाल कटारिया को याद किया। उन्होंने कहा कि वे जहां भी हैं उनका आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहेगा। कटारिया ने हमारी अंगुली पकड़कर आगे बढ़ाया है। कटारिया का ऐसा व्यक्तित्व था कि वे खुद गले में ढोल डाल बजाना शुरू कर देते। इतनी खुशी उनके अंदर थी। बता दें कि नायब सैनी ने साल 2009 में भाजपा की टिकट पर नारायणगढ़ ब्लॉक से विधायक का चुनाव लड़ा था,लेकिन तब उन्हें सफलता नहीं मिली थी। हालांकि 2014 में पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा। उस समय उन्होंने पूर्व सीपीएच रामकिशन गुर्जर को शिकस्त देकर जीत हासिल की थी। राज्य में उस समय पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनी थी। सीएम मनोहर लाल ने उन्हें तब सरकार में राज्य मंत्री बनाया था। इसके बाद 2019 में उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा से टिकट देकर मैदान में उतारा गया। उस समय में उन्होंने पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के उम्मीदवार निर्मल सिंह को पराजित कर पहली बार सांसद बनने का गौरव हासिल किया था। इसके बाद नायब सैनी लगातार कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते गए। सांसद रहते हुए उन्हें भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया।

## नाथीराम की मौत के मामले में दो लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

- सहारनपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर किया हत्या का केस दर्ज
- सहारनपुर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को यमुनानगर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के फव्वारा चौक के पास राजेश भाटिया इंजीनियरिंग वर्कशॉप में करीब एक साल पहले हुई सहारनपुर के नाथीराम की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। सहारनपुर पुलिस ने यह मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया था। सहारनपुर पुलिस ने मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को यमुनानगर पुलिस को भेज दिया। अब शहर यमुनानगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर जेल चुंगी निवासी राशि ने शिकायत में बताया कि उसके पिता नाथी राम यमुनानगर के फव्वारा चौक के नजदीक ईस्ट भाटिया नगर में स्थित सोनू उर्फ राजेश भाटिया उर्फ शुभम की इंजीनियरिंग वर्कशॉप में दो साल से काम करते थे। तीन अप्रैल 2023 को उसके पिता यह कहकर घर से गए थे कि वह अपनी नौकरी के पैसे लेने जा रहे हैं। उस दिन शाम को वह घर नहीं आए। चार अप्रैल को उनके मोबाइल पर सोनू भाटिया उर्फ राजेश भाटिया का फोन आया और उसे बताया कि उनके पिता की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल भर्ती कराया है। इसके थोड़ी देर बाद फिर से फोन आया कि उनके पिता की मृत्यु हो गई और उसका पोस्टमार्टम कराना है। इसलिए जल्द यमुनानगर पहुंचे। उन्होंने यमुनानगर सिविल में आकर देखा कि उनके पिता की आंखें बाहर की और पथराई हुई हैं। उनके गले और मुंह पर चोट के निशान थे। मुंह से खून निकला हुआ था।

### नशीला पदार्थ रखने वालों को 12 साल का कारावास

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र रजनीश कुमार शर्मा की एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के दोषी हैप्पी उर्फ काला पुत्र कृष्ण कुमार वासी मथाना व राजबीर सिंह उर्फ छोटू पुत्र जय सिंह वासी बपदा जिला कुरुक्षेत्र को 12/12 साल कठोर कारावास व 1/1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए सहायक जिला न्यायवादी श्री राजकुमार ने बताया कि 29 जनवरी 2020 को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक नीरज कुमार की टीम एनएच-44 सेक्टर 2/3 कट के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हैप्पी उर्फ काला पुत्र कृष्ण कुमार वासी मथाना व राजबीर सिंह उर्फ छोटू पुत्र जय सिंह वासी बपदा जिला कुरुक्षेत्र को ट्रक सहित काबू किया ट्रक की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 01 किवंटल 35 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हुआ था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा की एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपियों को 12/12 साल कठोर कारावास व 1/1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

## पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों पर की कार्रवाई

- जीटी रोड पर यातायात पुलिस ने 192 बडे वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लेन के नियमों का उंल्लघना करने वाले 192 भारी वाहनों के चालान किये। विशेष अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस ने जिले में दिल्ली से चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर बाबरपुर ट्रेफिक थाना व पेप्सी पुल के पास एक साथ चेकिंग की। बाबरपुर ट्रेफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया भारी व गति प्रतिबंधित वाहनों को अपनी निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चलाएं।



**पीएनपी।** जीटी रोड पर लापरवाह वाहन चालक को रोकते हुए ट्रैफिक पुलिस।

यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों व ओवर स्पीड की वजह से होती है। भारी वाहन ओवर स्पीड के साथ ही अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे है। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे है। इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा इसी क्रम में भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व पालना सुनिश्चित करवाने हेतु ट्रांस्पोर्टरों के साथ युनियनों में गोष्ठी का आयोजन कर ड्राइवरों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## अर्धजली हालात में मिला व्यक्ति का शव

- सिर में चोट मारकर की गई व्यक्ति की हत्या
- मृतक के हाथ पर लिखा हुआ था अजय व कोमल, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

चौधरी देवी लाल आयुर्वेदिक अस्पताल एवं कॉलेज के सामने खेतों में 40 वर्षीय व्यक्ति का अधजला शव मिला है। हत्यारों ने व्यक्ति की पहले सिर में चोट मारकर हत्या की। इसके बाद उसके शव को कपड़ों में बांधकर खेतों में फेंक आग लगाकर जलाने का प्रयास किया गया। व्यक्ति का शव उल्टा पड़ा हुआ था। उसका पिछला हिस्सा जला हुआ था। मृतक के हाथ पर अजय व कोमल लिखा हुआ है। सूचना मिलने पर शहर जगाधरी थाना प्रभारी नरेंद्र राणा, पुलिस



**यमुनानगर।** अर्ध जली हालत में मिले व्यक्ति के शव की मौत के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

बल व सीन ऑफ क्राइम की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की। पुलिस ने खेतों के चौकीदार बूड़िया निवासी राकेश कुमार के बयान पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बूड़िया निवासी राकेश कुमार ने बताया कि चौधरी देवी लाल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के सामने मॉडल टाउन निवासी विकास कुमार की जमीन है। कुछ हिस्से में सफेदे के पेड़ लगाए हुए है। वीरवार दोपहर बाद वह खेतों में पानी दे रहा था। शाम करीब चार बजे वह चाय पीने के लिए खेत से चलने लगा। जब वह सफेदे के पेड़ वाले खेत में पहुंचा तो उसने देखा कि कपड़ों में बंधा हुआ एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

शहर जगाधरी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा का कहना है कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के हाथ पर अजय व कोमल लिखा हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जिससे कुछ अहम सुराग मिल सके।

## ऑनलाइन काम का झांसा देकर 17 लाख रूपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 11 निवासी जतिन, साइबर ठगों का शिकार हो गया। ठगों ने युवक को ऑनलाइन काम देने का झांसा दिया। उसको टास्क देकर रुपए लगवा लिए और मुनाफा भी नहीं हुआ। कुल 17 लाख की ठगी करने के बाद ठगों ने उससे संपर्क तोड़ दिया। वहीं, साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में जतिन ने बताया कि 10 फरवरी को उसके फोन पर एक वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि मेरा नाम मीरा शर्मा और नैक्सोप डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी में बतौर एचआर मैनेजर कार्यरत हूं। उसने उसे जॉब का ऑफर दिया। उसने अनेक मैसेज भेजकर कहा कि उनकी कंपनी ऑनलाइन घर बैठे काफी पैसे कमाने का मौका देती है। आप भी जुड़कर रुपए कमा सकते हैं। जिसके लिए लिंक भेज रहे हैं, सभी हिदायतों का पालन करना होगा। लिंक पर क्लिक कर सिर्फ लाइक करना होगा। इसके बाद ठग ने उसे लिंक भेजने शुरू कर दिए। उनके कहे अनुसार वह क्लिक कर लाइक करता रहा। उनकी हिदायतों के अनुसार उनके पास 150 रुपए से शुरू होकर 8 हजार के लगभग रुपए उसके पास क्रेडिट हुए तो उसका विश्वास बन गया।

## केयू ने जारी की यूजी सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- परीक्षाओं की डेटशीट संबंधित सूचना महाविद्यालयों के प्राचार्यों को व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जा चुकी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार परीक्षा शाखा की संचालन शाखा द्वारा यूजी सेमेस्टर की डेटशीट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा संबंधित महाविद्यालयों की यूजी सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वीकृत शैक्षणिक शेड्यूल के मद्देनजर यूजी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई, 2024 व यूजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 मई, 2024 से शुरू करवाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि ऑफलाइन मोड में होने वाली इन सभी परीक्षाओं में भी संबंधित केन्द्रों व संस्थानों में ऑब्जर्वर व केन्द्र अधीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट संबंधित सूचना महाविद्यालयों के प्राचार्यों को व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि 1 मई से ऑफलाइन मोड में आयोजित होने वाली यूजी परीक्षाओं में बीए (जनरल) व ऑनर्स (सब्सिडरी) छठे सेमेस्टर, बीएससी छठे सेमेस्टर, बीए ऑनर्स छठा सेमेस्टर, बीएससी (ऑनर्स) छठा सेमेस्टर, बीकॉम (जनरल, ऑनर्स व वोकेशनल), बीकॉम बैंकिंग व इंश्योरेंस, बीएससी होम साइंस, बीबीए, बीसीए, बीटीएम, बीएससी फिजिकल ऐजुकेशन, बीएससी हैल्थ एजुकेशन व स्पोर्टस, बीएससी (ऑनर्स) इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी, बीएससी फैशन डिजाइनिंग, बीए फैशन डिजाइन, बीएससी इंटिरियर व बी.एफ.ए.डी. छठा समेस्टर, बीए (जनरल) व ऑनर्स (सब्सिडरी) छठे सेमेस्टर, बीएससी चौथा सेमेस्टर, बीए ऑनर्स चौथा सेमेस्टर आदि परीक्षाएं शामिल हैं।

## जाली कागजात तैयार करके वीजा के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपियो को सुनाई सजा

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट सन्दीप कौर जेएमआईसी कुरुक्षेत्र की अदालत ने जाली कागजात तैयार करवाकर वीजा के नाम पर धोखाधडी करने के आरोप में कश्मीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह थाना शाहबाद व गोविन्द पाल पुत्र भगवान दास वासी कैलाश नगर कुरुक्षेत्र तथा तजिन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह वासी लाडवा को 2/2 वर्ष कठोर कारावास व 2/2 हजार रुपये की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी विकास गुलिया ने बताया कि शिकायत में सोम सचदेवा कमीशन एजेंट नई अनाज मंडी कुरुक्षेत्र ने बताया कि कश्मीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने उसकी आढ़त की दुकान के नाम से जाली जे-फार्म प्रयोग करके अपने लडके को विदेश भेजने के लिए फाईल तैयार करवाकर वीजा के लिए लगवाई है। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह को दी गई। जांच में पाया कि कश्मीर सिंह ने अपने साथियों गोविन्द पाल पुत्र भगवान दास वासी कैलाश नगर कुरुक्षेत्र तथा तजिन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह वासी लाडवा के साथ मिलकर जाली कागजात तैयार करवाकर वीजा फाईल लगवाई है। सन्यायिक मैजिस्ट्रेट ने गवाहों व सबूतों के आधार पर जाली कागजात तैयार करवाकर वीजा के नाम पर धोखाधडी करने के दोषी कश्मीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह थाना शाहबाद व गोविन्द पाल पुत्र भगवान दास वासी कैलाश नगर कुरुक्षेत्र तथा तजिन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह वासी लाडवा को आईपीसी की धारा 467 के तहत 2 वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये जुर्माना, आईपीसी की धारा 468 के तहत 2 वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

## पैसे जमा करवाने की बात कहकर दंपति के अकाउंट से निकाले 20 हजार रुपये

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साइबर ठग ने अकाउंट में पैसे जमा करवाने की बात कहकर मोबाइल पर लिंक भेजकर अमरपुरी कॉलोनी निवासी सविता व उसके पति के अकाउंट से 20 हजार रुपये निकाल लिए। बाद में आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक दिन उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे कहा कि वह पूजा के पति बोल रहा है। उसने कहा कि उसके अकाउंट में कुछ दिक्कत आ रही है। वह उसके अकाउंट में पैसे भेज रहा है। तीन-चार दिन बाद वह उससे पैसे ले लेगा। उसने आरोपी की बातों पर यकीन कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। जब उसने लिंक खोलकर देखा तो उसके अकाउंट से 10 हजार रुपये कट गए। जब उसने आरोपी को फोन करके कहा कि पैसे अकाउंट में आने की बजाए कट रहे है तो आरोपी ने कहा कि थोड़ी दिक्कत आ रही है। इसके बाद आरोपी ने उसके पति के अकाउंट में पैसे जमा करने के लिए बोला।

इसके बाद उसके पति के अकाउंट से भी 10 हजार रुपये कट गए। जब वह आरोपी के मोबाइल पर कॉल करने लगी तो उसका नंबर बंद मिला। उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की गड्ढा भरवाने की मांग

## सड़क निर्माण के दौरान बनाए गढ़्डे से घायल हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

हरनौल से खेड़ी लक्खा सिंह जाने वाली पीडब्ल्यूडी की नवनिर्मित सड़क पर हरनोल व टोपरा के बीच अधूरे पड़े पुलिया निर्माण के कारण राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं। दो दिन में चार-पांच राहगीर पुलिया के गड्डे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से इस ओर विशेष रूप से ध्यान देने की मांग की है।

स्थानीय निवासी अमन, राजन, राजेश, दीपक, गगन व वेद प्रकाश आदि ने बताया कि हरनौल से खेड़ी लक्खा सिंह तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। सड़क का निर्माण तो पूरा हो गया था परंतु टोपरा व हरनौल के बीच एक पुलिया बनी हुई है। सड़क रिपेयर के समय कर्मचारियों ने पुलिया की साइड में गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के पास बने गड्डे में रोजाना कोई न कोई बाइक सवार गिरकर घायल हो रहा है। बुधवार की रात को रोहित कुमार बाइक से यमुनानगर से अपने गांव गोलनी जा रहा था। पुलिया के पास आते ही सामने से दूसरे वाहन की लाइट लगी। जिससे गड्ढा नजर नहीं आया और वह गड्डु में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसको उठाकर उपचार के लिए भेजा। इसी तरह एक युवक काबुलपुर व अन्य तीन युवक इस गड्डे की वजह से चोटिल हो चुके हैं। उसके बावजूद भी न तो पीडब्ल्यूडी विभाग कर्मचारी और न ही ठेकेदार के कर्मचारी इसकी तरफ ध्यान दें रहे हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पुलिया के पास के गड्ढे को भरा जाए।



**यमुनानगर।** हरनौल-टोपरा सड़क पर अधूरा पड़ा पुलिया निर्माण का कार्य।

## खबर संक्षेप



### जीवनशैली में योग को अवश्य करें शामिल

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के स्पोर्ट्स क्लब की ओर से वीरवार को एक ज्ञानवर्धक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों व संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस दौरान जेएमआईटी के स्पोर्ट्स ट्रेनर गुलशन कुमार ने तेजी से भागती दुनिया के बीच समकालीन जीवन शैली में योग को एकीकृत करने के महत्व पर चर्चा की। मानसिक व शारीरिक कल्याण पर ध्यान देने के साथ गुलशन कुमार ने योग से मिलने वाले कई लाभों पर प्रकाश डाला। जिसमें तनाव कम करने से लेकर फोकस व उत्पादकता में वृद्धि शामिल रहे।

### महिला ने दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने गांव के ही एक व्यक्ति व उसके दोस्त पर नशीला पदार्थ देकर अगवा करके कार में दिल्ली ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को दिल्ली पुलिस के पास भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 36 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी के इंडस्ट्रीयल एरिया में मेहनत मजदूरी का काम करती है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव सफाखेड़ी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के मोसेरे भाई की शिकायत पर फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरा कालोनी निवासी विशाल बीती रात बाइक पर सवार होकर ससुराल रोहतक के लिए निकला था।

### अश्लील वीडियो का लिंक भेजने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** चीका क्षेत्र के राजकीय कालेज चीका में कक्षा व्हाट्सएप ग्रुप में अश्लील विडियो लिंक भेजने के मामले में थाना चीका पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर बलबीर सिंह द्वारा आरोपी लेक्चरर जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्राचार्य की शिकायत अनुसार उसको बीए एमसी द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने शिकायत दी थी।

### सड़क हादसे में घायल तीसरे ने भी तोड़ा दम

**जींद।** भिवानी रोड गांव ईक्कस बाईपास पर बडा बीड वन के निकट तीन दिन पहले गंभीर रूप से घायल हुए तीसरे युवक की भी पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। बुढाबाबा बस्ती निवासी चमन लाल (24), सचिन (23), विशाल (24) गत 18 मार्च को कार्यवश गांव ईक्कस की तरफ गए हुए थे।

# पिछले दस साल में भाजपा ने देश और प्रदेश में दी सुशासन व गरीब कल्याण की सरकार : कंवरपाल

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में चलाया जनसंपर्क अभियान

## कांग्रेस केवल झूठ बोलकर सिर्फ लोगों को गुमराह करने वाली पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पिछले दस साल में भाजपा ने देश व प्रदेश में सुशासन और गरीब कल्याण की सरकार दी है। उन्होंने उक्त दावा जगाधरी में जनसंपर्क अभियान के तहत जताया। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के लिए अनेकों कार्य किए हैं। इससे सिर्फ देश की तस्वीर ही नहीं बल्कि तकदीर भी बदल गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सिर्फ लोगों को गुमराह करने वाली पार्टी है।

### ऐतिहासिक फैसलों से देश और प्रदेश की दशा और दिशा बदली

कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश हित में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों से देश और प्रदेश की दशा और दिशा बदली है। इन फैसलों से जन आकांक्षाओं की पूर्ति हुई है। वहीं, विश्व पटल पर देश की छवि मजबूत हुई।आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्पए उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर देकर धूंआ से मुक्ति दिलाना, शौचालयों का निर्माण करवाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाना और हर घर में नल से जल पहुंचाने जैसे निर्णयों से लोगों का जीवन सरल हुआ है। भाजपा की केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार ने कल्पना से परे जनहित के काम किए हैं। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का झूठा नारा दिया था। 55 सालों तक कांग्रेस ने गरीब का कोई भला नहीं किया। भाजपा की मोदी सरकार ने अंत्योदय की नीति पर चलते हुए गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। भाजपा शासन में गरीब व्यक्ति को अपने इलाज की चिंता नहीं है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड से गरीब व्यक्ति निःशुल्क अपना इलाज करा रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं गरीबों के घर तक पहुंच रही हैं। यह बदलता हुआ हरियाणा है कि सरकार गरीबों को ढूंढ ढूंढ कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। आज पूरे हरियाणा में हाइवे, एक्सप्रेस-वे और सड़कों का जाल बिछा है। आवागमन सरल हुआ है। वहीं रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इस अवसर पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी, विपुल गर्ग, अंकित गोयल, प्रियंक शर्मा ,भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व संजय राणा आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** जगाधरी में जनसंपर्क करते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

### छेड़छाड़ का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी महिला ने अशोक विहार कॉलोनी जगाधरी निवासी सुमित सिंघल पर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने अनहोनी के डर के कारण अपनी लड़की को उसकी नानी के घर इलाहाबाद भेज दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घरों में साफ सफाई करने का काम करती है। उसका पति भी काम पर चला जाता था। घर पर उसकी 14 वर्षीय लड़की अकेली रहती है। महिला ने बताया कि अशोक विहार कॉलोनी जगाधरी निवासी सुमित सिंघल उसकी लड़की पर गलत नजर रखता है।

## राज्यमंत्री संजय सिंह का क्षत्रिय समाज ने किया जोरदार स्वागत

# प्रदेश की दस की दस लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : सिंह

राजपूत समाज ने कभी भी किसी भी जाति के साथ नहीं किया भेदभाव: संजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के राज्यमंत्री संजय सिंह का यमुनानगर पहुंचने पर क्षत्रिय समाज ने जोरदार स्वागत किया। क्षत्रिय समाज एकता महासभा के प्रधान मास्टर जंगशेर सिंह राणा, चेयरमैन रामबीर सिंह, योगेन्द्र चैहान, रविश चैहान व मास्टर महिपाल सिंह ने उन्हें पगड़ी पहनाकर एवं पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया। उनकी धर्मपत्नी को भी समाज की और से महाराणा प्रताप जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। संजय सिंह को राज्य मंत्री बनाए जाने पर क्षत्रिय समाज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्र की मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया। राज्य मंत्री संजय सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा देश और समाज हित के कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी अपना योगदान देते रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा के आला कमान का भी आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि वह आमजन की कसौटी पर खरा उतरेंगे। भाजपा पार्टी ने हमेशा ही हमारे समाज का मान सम्मान किया है। हम समाज के सभी वर्गों का सम्मान करते हैं। जब भी देश को हमारे समाज की जरूरत पडी है। हम लोगों ने हमेशा बढ़चढ़ कर भाग लिया। हमारा समाज कभी भी किसी चीज से पीछे नही हटता है। जो हम कह देते हैं वो हम कर देते हैं। आने वाले चुनावो में भी समाज हमेशा की तरह राजपूत समाज दीवार की तरह पार्टी का साथ देगा। सता में भागीदारी के लिए समाज पूर्ण रूप से तैयार है। भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में 10 की 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेंगी। इस दौरान राज्य मंत्री ने क्षत्रिय समाज एकता महासभा द्वारा यमुनानगर में करवाए जा रहे भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग देने की भी घोषणा की।



**यमुनानगर।** हरियाणा के राज्यमंत्री संजय सिंह को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते क्षत्रिय समाज के लोग।

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

क्षत्रिय समाज एकता महासभा के प्रधान मास्टर जंगशेर सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने क्षत्रिय समाज से संजय सिंह को राज्य मंत्री बनाकर क्षत्रिय समाज को सम्मान देने का काम किया है। हमारे जिले का सौभाग्य है कि मंत्री का स्वागत करने का सबसे पहला हमें मौका मिला है। उन्होंने कहा कि आगामी 9 जून को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर यमुनानगर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने राज्यमंत्री संजय सिंह को इस कार्यक्रम में शिरकत करने का न्यौता भी दिया। जिसे राज्य मंत्री ने स्वीकार किया। मौके पर संदीप राणा, नरेंद्र राणा, संजू राणा, सुरेश राणा, पूर्व सरपंच बिल्ला राणा, अशोक राणा, आरपी सिंह, विरेन्द्र राणा, नीरज राणा, सुन्दर राणा, संजीव विज व आशीष धीमान आदि मौजूद रहे।

# चुनाव की गतिविधियों से करवाया अवगत

- चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम के तहत विभिन्न प्रतियोतिओं का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागल में चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम के तहत विभिन्न प्रतियोतिओं को आयोजन कर किया गया। जिसके तहत विद्यार्थियों को चुनाव की गतिविधियों से अवगत करवाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार अरोड़ा की अगुवाई में डेमोक्रेसी रूम भी तैयार किया गया। स्कूल इंचार्ज अरोड़ा ने बताया कि चुनाव लोकतंत्र की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। इसलिए चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। हर मतदाता का फर्ज बनता है कि जाति-वर्ग व समुदाय से ऊपर उठकर व निष्पक्ष होकर अपना मतदान करें। अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम प्रभारी संस्कृत प्राध्यापक नीरज मानिकटाहला, इतिहास प्राध्यापिका शालू भारद्वाज, एबीआरसी कविता व प्रीति मेहता की देखरेख में विद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग, रंगोली व स्लोगन मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। इनके माध्यम से प्रतिभागी बच्चों ने मतदाताओं को बताया कि अंगुली पर लगी स्याही सिर्फ निशान नहीं है बल्कि लोकतंत्र की पहचान है, देश की जान है और आपके अधिकार का सम्मान है।




**यमुनानगर।** आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

- आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरपुर में वीरवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि ब्लाक समिति जगाधरी के अध्यक्ष ओमवीर, पूर्व सरपंच राजेंद्र कुमार व भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष हरपाल कांबोज मारूपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने हरियाणवी डांस, पंजाबी गीतों के अलावा अनेक धार्मिक प्रस्तुतियां भी दी। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही वर्ष 2020 में जिले में टॉप करने वाली श्रुत कांबोज, शगुन कांबोज व तृषा कांबोज को साइकिलें प्रदान की। स्कूल संचालिका सविता देवी, प्रिंसीपल दीपक कुमार व प्रबंधक धर्मपाल कांबोज ने विद्यालय के 100 प्रतिशत परिणाम के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।



**यमुनानगर।** आदर्श विद्या मंदिर स्कूल बहादुरपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों को सम्मानित करते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। *फोटो : हरिभूमि*

# बीसीए प्रथम वर्ष का ग्रुप अव्वल

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में एचआईवी एड्स विषय पर रील मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स विषय के बारे जागरूक करने के लिए रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर करुणा द्वारा की गई। रील मेकिंग प्रतियोगिता में डॉक्टर सीमा गुप्ता, प्रोफेसर गौरव बरेजा एवं मैडम सीमा जैन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष के गुरप ने पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ ही बीकॉम फाइनल ईयर मनीषा के ग्रुप ने द्वितीय तथा बीसीए द्वितीय वर्ष के गुरप को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही बीकॉम प्रथम वर्ष के गुरप को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने बताया कि एचआईवी एड्स आज के समय की सबसे गंभीर बीमारियों में से एक है । इस बीमारी से समाधान ही इसका बचाव है क्योंकि इस बीमारी का आज तक पूर्ण रूप से कोई इलाज नहीं बन पाया है।

अधिकारी डॉ. विजय चावला ने बताया कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स विषय में जागरूक करना है ताकि युवा पीढ़ी जो न चाहते हुए भी इस भयंकर बीमारी के जंजाल में फसती चली जा रही है वह सभी इस लाइलाज बीमारी से बच सके।



**यमुनानगर।** आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्राचार्य व अन्य के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

# निर्भरता खत्म करने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी : डॉ. अजीत

- मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत में उद्यमियों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन
- कार्यशाला में देशभर से 222 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत में उद्यमियों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से 222 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का शुभारंभ कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेशवर प्रकाश व उच्च शिक्षा हरियाणा के उपनिदेशक डॉ. अजीत सिंह ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. ॠतु कुमार आत्मनिर्भर भारत की महत्ता बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर महत्वपूर्ण बातें बताई। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं से भी अवगत कराया। डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि पहले भारत बहुत सारी वस्तुओं के लिए अन्य देशों पर निर्भर था वो निर्भरता खत्म करने के लिए आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को अवसर प्रदान करने चाहिए तभी बेहतर परिणाम मिलेंगे। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने वर्तमान समय में नौकरी की समस्या को रेखांकित करते हुए आत्म निर्भर बनने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कोई भी काम छोटा-बड़ा नहीं होता अपितु व्यक्ति की सोच छोटी-बड़ी होती है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में डॉ. राजेश गिल ने स्त्रियों की उद्योग जगत में भूमिका पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्त्री के लिए आर्थिक कौशल व आत्मविश्वास जरूरी है। डॉ. राजेश गोयल 0 से 1000 ई. तक भारत की आर्थिक स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि भारत इस दौर में पूरे विश्व में सवार्ेच्च स्थान पर था व समृद्ध था। हम कृषि आधारित उद्योग प्रधान देश थे हमें फिर से वैसा ही बनना पडेगा।



**यमुनानगर।** मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते मुख्यवक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

# निर्मला देवी का 101वां जन्मदिवस मनाया

- सहजयोग संस्थापिका ने विश्व को दिया आत्म साक्षात्कार का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

सहजयोग संस्थापिका श्री निर्मला देवी जी का 101 वां जन्मदिवस पूरे विश्व में धूम धाम से मनाया गया। इसी कड़ी में सहजयोग परिवार के सभी सेंटर्स द्वारा महाराणा प्रताप भवन पालेवाला में विराट पूजा का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ सहजयोगी गुलशन दत्ता ने बताया कि माता जी का जन्म 21 मार्च 1923 में मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में हुआ था। श्री माता जी ने विश्व कल्याण एवं शांति के लिए सामूहिक रूप से कुण्डलिनी शक्ति की जागृति एवं आत्म साक्षात्कार का वरदान मानव जाति को दिया। सहजयोग केंद्र के समन्वयक रोहित कांबोज ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री माता जी निर्मला देवी जी के मानवता के कल्याण के लिए किए गए कायार्ें का आभार व्यक्त किया गया। श्री माता जी के जन्मदिवस के मौके पर यमुनानगर, जगाधारी, इंद्री, रादौर, लाडवा, अलाहर, मुस्तफाबाद, साढ़ौरा आदि स्थानों के सहजयोगी पूजा में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर रोहित कांबोज, विशाल कांबोज, सुनीता कांबोज, विनोद कांबोज, सुमित गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, रमेश भनोट, ललित सोबती, रूचि राणा व रवि राणा आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप भवन रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सहजयोगी।

## नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ आ सकते हैं केवल चार लोग

# नामांकन के लिए देनी होगी 25 हजार की प्रतिभूति राशि

- उम्मीदवार के साथ नामांकन करते आएंगे कुल तीन वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

आगामी लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों को चुनाव की प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपये जमा करवानी होगी। अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को नामांकन भरते समय 12 हजार 500 रुपये जमा करवाने होंगे। यह राशि नकद या ट्रेजरी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी। चेक या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से इस राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए बताया कि यमुनानगर जिला में 29 अप्रैल से 6 मई तक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। ये नामांकन उपायुक्त कार्यालय के कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। नामांकन पत्र जमा करवाते समय उम्मीदवार अपने साथ अधिकतम चार लोगों को अंदर ला सकता है। आरओ तथा एआरओ कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी और सभी दस्तावेजों को सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा।



**यमुनानगर।** जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

### देनी होगी जानकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि उम्मीदवार को अपनी शिक्षा, संपत्ति के अलावा फॉर्म 26 में एफिडेविट के साथ कोई एफआईआर दर्ज है तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। राजनीतिक पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशी पर दर्ज मामलों की जानकारी पार्टी की अधिकारिक वेबसाइट पर डालनी होगी। इतना ही नहीं नामांकन भरने के उपरांत उम्मीदवार और राजनीतिक पार्टी को समाचार पत्रों तथा टीवी चैनलों में भी कम से कम तीन बार आपराधिक मामले की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी।

### निर्देशों का पालन करने के आदेश

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का पता अंकित होना जरूरी है। प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम पता अंकित नहीं होने पर छह महीने की सजा हो सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रचार सामग्री की छपाई करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### समाज परिवार में छोटे बनकर रहना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** होली के पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में श्री गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को बताया कि बताया कि कश्यप ऋषि एवं अदिति के समन्वय संजोग संबंध से भगवान बामन व त्रिविक्रम का भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि को मध्यान्ह काल में इस धरती पर प्रादुर्भाव हुआ। भगवान बामन 24 अवतारों में से एक अवतार है। भगवान बामन ने लघु रूप धारण कर संदेश दिया।

### श्रीखाटू श्याम कीर्तन में सुनाई एकादशी की कथा

**शाहबाद।** फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीखाटू श्याम चिंतपूर्णी मंदिर में एकादशी द्वादशी उत्सव श्रीखाटू श्याम कीर्तन मंडली द्वारा मनाया गया। मंदिर के पुजारी चेतनानंद मोदगिल ने आमलकी एकादशी की कथा भी भक्तों को सुनाई। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण सिंगला, चेयरमैन रामलाल बंसल, नितिन अग्रवाल, सुयश गुप्ता, अवनीश गर्ग, आशीष गर्ग, उप प्रधान भूपेंद्र राणा, विकास गुप्ता, दीपक, अनिल अग्रवाल, दीपक गोयल, बृजभूषण गर्ग, करण सैनी सभी श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार रात्रि सलारपुर रोड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 517वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। समस्त श्याम प्रेमी परिवार द्वारा खाटू श्याम जी के प्रचार-प्रसार के लिए साप्ताहिक ताली कीर्तन किया जाता है। साथ ही महिला ताली कीर्तन भी करवाए जाते हैं और महीने में दो दिवसीय श्री खाटू धाम यात्रा राजस्थान जाती है।

### शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नॉन टीचिंग क्लब में 22 मार्च को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। समिति के संरक्षक नरेश सैनी ने बताया कि शिविर में 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी स्वस्थ रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नही आती है बल्कि नई ऊर्जा का संचार होता है।

### वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**थानेसर।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल भवन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 के प्रांगण में गुरुवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोग्राम ऑफिसर आकांक्षा बेदी ने शिरकत की। इस अवसर पर कल भवन पब्लिक स्कूल का सारा शैक्षिणक एवं गैर-शैक्षिणक स्टाफ मौजूद रहा।

## आदर्श आचार संहिता लगते ही अलर्ट मोड में आया जिला निर्वाचन आयोग

# रैली और रोड शो करने के लिए लेनी होगी प्रशासन से अनुमति

होर्डिंग्स, फ्लेक्स, पोस्टर, बैनर इत्यादि चस्पा करने के लिए जिले में निर्धारित किए 404 स्थान



- चुनाव के दौरान किसी ने आचार संहिता उल्लंघन किया तो होगी कार्रवाई

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त शांतनु शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में रैलियों, जनसभाओं के आयोजन तथा फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) से अनुमति लेनी होगी। इस जिले में 13 जगहों पर रैलियों, जनसभाओं के लिए स्थल निर्धारित किए गए है। इसके अलावा होर्डिंग्स, फ्लेक्स, पोस्टर, बैनर इत्यादि सामग्री चस्पा करने के लिए शहरी क्षेत्रों में 27 और ग्रामीण क्षेत्रों में 404 स्थल निर्धारित किए गए है। इन निर्धारित स्थलों के अलावा किसी भी जगह पर प्रचार-प्रसार सामग्री चस्पा करने की इजाजत नहीं होगी। इन आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए 4 जगह निर्धारित किए है। इसके अलावा थानेसर विधानसभा के शहरी क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, फ्लेक्स प्रचार-प्रसार सामग्री लगाने के लिए 8 जगह और ग्रामीण क्षेत्रों में 50 जगह निर्धारित की गई है। इसी तरह लाडवा विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए 5 जगह निर्धारित की है और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री के लिए 155 और शहरी क्षेत्र में 11 जगह चिन्हित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में रैलियों के लिए 2 जगह निर्धारित की गई है, जबकि प्रचार-प्रसार सामग्री चस्पा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 103 और शहरी क्षेत्र में 4 स्थान निर्धारित किए गए है। पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में रेलियों के लिए 3 जगह निर्धारित की गई है और पोस्टर-बैनर इत्यादि लगाने के लिए शहरी क्षेत्र में 4 और ग्रामीण क्षेत्र 96 जगह चिन्हित करवाया गया है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में रैलियों, जनसभाओं के आयोजन तथा फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) से अनुमति लेनी होगी

### लाडवा विधानसभा में रैली, जनसभा, होर्डिंग, पोस्टर इत्यादि के लिए स्थान किए निर्धारित

*लाडवा। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा चंडीगढ़ की हिदायत अनुसार राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए रैली, जनसभा, तथा फ्लेक्स-बैनर इत्यादि के लिए 11-लाडवा के अंतर्गत पड़ने वाले ब्लॉक इत्यादि के लिए जगह निर्धारित की गई है। रैली इत्यादि के लिए स्थान उपलब्ध होने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी कम उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा राजनीतिक पार्टी को रैली, जनसभा की अनुमति सशर्त प्रदान की जाएगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए 5 जगह निर्धारित की है, जिनमें बाबैन की नई अनाज मंडी, मिन स्टेडियम बीड कालवा, मिनी स्टेडियम कलाल माजरा, नई अनाज मंडी पिपली और नई अनाज मंडी नंबर 10 लाडवा को शामिल किया गया है। इन लोकसभा चुनावों में रैलियों का आयोजन करने से पहले एआरओ कम एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में फ्लेक्स, बैनर, पब्लिक मीटिंग व प्रचार-प्रसार करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जगह निर्धारित की गई है। इन निर्धारित जगहों पर ही एआरओ की अनुमति के साथ फ्लेक्स और बैनर लगा सकेंगे। इस विधानसभा के शहरी क्षेत्र में नई अनाज मंडी लाडवा गेट नंबर 1 व 2 व नई अनाज मंडी के बैक गेट रेड रोड, हैफेड गोदाम के पास हिनौरी रोड़, इंद्री रोड पर पब्लिक हेल्थ स्टेशन, एसके रोड पर पुलिस स्टेशन की दीवार, बाबैन रोड नजदीक स्टेडियम, गौशाला पिपली रोड, खसरा नंबर 126 हिनौरी रोड, खसरा नंबर 77 हिनौरी रोड, गीता मंडी के सामने, बंसल अस्पताल नजदीक रेड रोड पर फ्लेक्स व बैनर लगा सकते है।*

#### लाडवा से 193351 मतदाता डालेंगे वोट

**लाडवा।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक नसीब कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 93 हजार 351 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। अहम पहलू यह है कि इस बार लोकसभा चुनावों में 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के मतदाता घर बैठकर ही अपने मत का प्रयोग कर सकते है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 193351 मतदाताओं में 93086 महिला और 2 वोट थर्ड जेंडर के है। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से टोल फ्री नंबर 1950 के लिए कंट्रोल रुम स्थापित कर दिया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर चुनावों से संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज करवा सकते है और कोई भी जानकारी ले सकते है। इसके अलावा सी-विजिल एप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते है और सक्षम एप पर 85 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग या पीडब्लयूडी मतदाता मदद के लिए आवेदन कर सकते है।

### अद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम में संत समागम कल से



संत आत्मविभोर पुरी।

**पिहोवा।** शास्त्री कॉलोनी स्थित श्री अवदैत स्वरूप अनंत आश्रम में श्रीश्री 1008 स्वामी अनतं प्रकाशानंद पुरी महाराज की असीम कृपा से दो दिवसीय वार्षिक संत समागम एवं भंडारा 23 मार्च से शुरू हो रहा है। इसके लिए आश्रम को रंग बिरंगी लाइटों एवं सुगंधित फूलों से सजाया गया है। आश्रम की व्यवस्थापक संत श्रीआत्मविभोर पुरी ने बताया कि 23 मार्च को श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ होगा तथा सायंकाल होने वाली भजन संध्या में अनेक प्रसिद्ध भजन गायक अपने भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आनंदित करेंगे। उन्होंने बताया कि 24 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे श्री रामायण पाठ के भोग का वितरण, ध्वजारोहण एवं सत्संग का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात दूर दराज से आने वाले उच्च कोटि के संत महात्मा अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा से संगत को निहाल करेंगे। संत श्री आत्मविभोर पुरी ने संत समागम की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत समागम में संतो द्वारा विचार, भावना, एकत्व व धर्म की विस्तृत व्याख्या की जाती है।कार्यक्रम के अंत में दोपहर के समय गुरु का अटूट लंगर होगा, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।



कुरुक्षेत्र। शहीद शुभकरण सिंह के अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस नेता ने किया अस्थि कलश यात्रा का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पंजाब सीमा के गांव खनोरी खनोरी बॉर्डर पर भाजपा सरकार द्वारा शहीद किए गए किसान शुभकरण सिंह की अस्थियां की कलश यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए शुक्रवार को गांव भिवानी खेड़ा में पहुंची। कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान ने सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने अस्थि कलश यात्रा को नमन किया और शहीद शुभकरण सिंह अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर अन्य लोगों ने भी शहीद शुभकरण सिंह के अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी भिवानी खेड़ा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शहीद किया गए किसानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। किसानों ने सदैव देश की तरक्की के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि जब देश में अनाज की किल्लत पड़ गई थी तब किसानों ने अपना खून पसीना बहा कर अनाज की बंपर पैदावार की। किसानों के बेटे सीमा पर देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान इस भारत देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में बहुत बड़ा योगदान करते हैं। न्होंने कहा कि 31 मार्च को अंबाला के गांव मोहडा मंडी में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए जाएंगा। इस मौके पर बलवंत सैनी, गांव बहादुरपुरा के पूर्व सरपंच सोहन नागपाल, मनीष सैनी रोशन लाल जांगड़ा, सतीश सैनी, राजेश कुमार, श्यामलाल सेन रोशन सेन, सतीश सैनी, अमरजीत कुक्कू, राजपाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



लाडवा। वार्ड नंबर 13 में लोगों के साथ पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता संदीप गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री : संदीप गर्ग

**लाडवा।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी नेता संदीप गर्ग ने लाडवा के वार्ड नंबर 13 में जाकर लोगों से मुलाकात की व भाजपा सरकार की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि आज जिस मुकाम पर देश व प्रदेश खड़ा है वह सब कुछ भाजपा सरकार की देन है। क्योंकि आज हमारा देश इतनी तरक्की कर चुका है कि अब से पहले किसी भी सरकार में इतनी तरक्की देश ने नहीं की है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भी भाजपा सरकार का होगा। जिसका नेतृत्व तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश की जनता को लाभ पहुंच रहा है और अगले पांच सालों में हमारा भारत देश में और अधिक तरक्की होगी व विकास कार्य होंगे। आज किसानों की मौजूदा भाजपा सरकार में है उतनी पहले किसी सरकार में नहीं हुई है। मौके पर इमना कटारिया, घनश्याम काम्बोज, गोपी चंद, आतिश कुमार, राजन, संजीव कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

### खुशियां बांटने से बढ़ती है: ब्रह्मकुमारी प्रीती

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फेलोशिप कुरुक्षेत्र ने विश्व खुशी दिवस पर प्रेरणादायक ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत चैप्टर संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा द्वारा हैदराबाद की प्रतिष्ठित विशेष शिक्षा शिक्षिका बीके प्रीति के स्वागत के साथ हुई। डॉ. सुषमा शर्मा ने अपने भाषण में समाज में खुशी को बढ़ावा देने में सामाजिक कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि बीके प्रीति ने खुशी को दैनिक निर्णय बनाने के महत्व पर जोर देते हुए इस भावना को दोहराया। उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने, नकारात्मकता को कम करने और हर पल को संजोने का आग्रह किया।

## होली मिलन समारोह में खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा के पूर्व सदस्य एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने भाग लिया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड़ ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों व पत्रकारों ने फूलों से होली खेली गई व कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। होली की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यातिथि डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा होली का त्योहार आपसी भाईचारे का त्योहार है। सभी को मिलजुल कर यह त्योहार मनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान रामपाल शर्मा, राजेश शांडिल्य, डॉ. प्रदीप गोयल, बाबूराम तुषार, विकास बत्तान, प्रदीप आर्य ने भी संबोधित करते हुए सभी को होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के महासचिव देवीलाल बारना ने किया। युवा पत्रकार नवोदित ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों तथा पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में कृष्ण धमीजा, बृजेश द्विवेदी, जसबीर सिंह दुग्गल, चंद्रमणि अत्री, पवन छाबड़ा, तरुण वधवा, चंद्र शर्मा, डॉ राजेश वधवा, जय नारायण शर्मा, मनीष सिंधवानी, दीपक शर्मा, सोहनलाल सैनी, शैलेंद्र चौधरी, कमल सैनी, जरनैल रंगा, सुकरमपाल, राजेश शर्मा, विनोद चौधरी, सुखबीर सैनी, मुनीष मुंडे, सतविंदर सैनी, सुनील धीमान, मनीष तुरन, राजेंद्र स्नेही, तुषार सैनी, शैलेश वत्स, भगवान दास, चंद्र अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, जसबीर भट्ट, धर्मेंद्र डांगी, गगन सांगर, विकास शर्मा, अनिल धीमान, राजेश कुमार, सुनील कुमार, करणदीप सिंह, विकास कुमार, संगीता, गुलजार सिंह, सुदेश गोयल, यशवीर सिंह आदि रहे।



कुरुक्षेत्र। फूलों की होली खेलते मुख्यातिथि डा. सुशील गुप्ता, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## अध्यापकों ने भी सहे थे एमरजेंसी के घाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



- तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 लगाई गई थी इमरजेंसी

कुरुक्षेत्र। रामदत्त शर्मा।

एमरजेंसी को आज 49 वर्ष हो चुके हैं लेकिन एमरजेंसी के दौरान जो यातनाएं उसे समय के विपक्ष को व अन्य कर्मचारी नेताओं को दी गई थी। आज भी लोगों के मन में एक घाव की तरह जिंदा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने भारत में लगाई गई एमरजेंसी के घाव आज 49 साल बाद भी जिला कैथल में वैसे ही हरे है। जैसे उसे समय थे कैथल जिले के 35 लोगों ने आपातकाल के समय कारावास की पीड़ा सही थी इसमें सबसे ज्यादा लंबी जेल अध्यापक नेता रामदत्त शर्मा उर्फ आरडी शर्मा ने काटी थी। 1971 से 1977 तक अध्यापक आंदोलन में भाग लेने के कारण बंसीलाल की आंख की किरकिरी बने इस अध्यापक नेता को 19 महीने इमरजेंसी में जेल में बिताने पड़े थे। उनके साथ-साथ उनके परिवार ने भी आपातकाल की इस पीड़ा को हंसते-हंसते सहा था। वर्ष 2016 में भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए पहले शुभ ज्योत्सना योजना के तहत उस समय जेल जाने वालों को ताम्र पत्र दिए गए थे और नवंबर 2017 से उन्हें 10 हजार रुपये पेंशन भी दी जा रही है। रामदत्त शर्मा के साथ तीन अन्य अध्यापक नेता को नेता 19 महीने जेल झेलनी पड़ी थी जिनमें उसे समय के हरियाणा राज्य के अध्यापक संघ के प्रधान सोहनलाल फरीदाबाद से चंद्रप्रकाश और रेशमी चंद मलिक शामिल थे उनके साथ भाजपा के पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा भी उसी जेल में थे।

### कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** गोवंश चिकित्सालय वजीदपुर पिपली के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रेलवे रोड पर निजी गेस्ट हाऊस में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में श्याम लाल गर्ग, डा. ओमप्रकाश शर्मा, एसएस धीमान, अशोक रोशा, चंद्रशेखर अत्री, सतीश गुप्ता, अंशुल बंसल, पंकज अग्रवाल, भरत लाल गर्ग, संजय बंसल, गगन गर्ग एव अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। जानकारी देते हुए श्रीगोवंश चिकित्सालय वजीदपुर पिपली के प्रधान श्याम लाल ने बताया कि श्रीगोवंश चिकित्सालय वर्ष 2017 से पंजीकृत संस्थान के तौर पर गोवंश चिकित्सालय की देखरेख में

## संस्था को बदनाम करने का लगाया आरोप

- संस्था को बदनाम करने के लिए कुछ लोग कब्जा करना चाहते है : महेंद्र तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षा समिति महाराणा पब्लिक स्कूल के मैनेजर महेंद्र तंवर। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा समिति महाराणा पब्लिक स्कूल के मैनेजर महेंद्र तंवर ने कहा कि संस्था को बदनाम करने के लिए कुछ लोग कब्जा करना चाहते है। राजपूत धर्मशाला में पत्रकारो से बातचीत करते हुए महेंद्र तंवर ने कहा कि कुछ लोगों ने स्कूल में जाकर जबरदस्ती प्रिंसीपल के ऑफिस में घुसे और वहां पर जाकर प्रिंसीपल से जबरदस्ती उनके हाथ में पकड़ा हुआ कार्यकाली रजिस्टर छीन लिया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। स्कूल के अधीक्षक के साथ मारपीट की। यह सारी घटना सीसीटीवी में कैद है जिसकी वीडियो फुटेज की कॉपी पुलिस को दे दी गई है। महेंद्र तंवर ने बताया कि अदालत के फैसले अनुसार महाराणा प्रताप शिक्षा समिति की बैठक जो 11 दिसंबर 2019 को निर्वाचित की गई थी, उसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बैंकों के लेनदेन और वित्तीय शक्तियां तीनों स्कूलों के प्रधानाचार्य और सदस्यों को स्कूलों के सामान की खरीद भी अध्यापकों की कमेटियां पहले की तरह करती रहेगी।

## ग्रामीण मतदाताओं को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद




मारकंडा नेशनल कॉलंज की एनएसएस इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हुआ। यह कैंप राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गांव जंधेड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सुभाष कलसाना और कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम आफिसर सिद्वांत की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिद्वांत ने मुख्यातिथि का अभिवादन पुष्प गुच्छ देकर किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम मे 50 से अधिक स्वंयसेवक और सेविकाएं भाग ले रही हैं । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए इस शिविर की थीम विकसित भारत @ 2047 रखी गई हैं। कॉलेज प्राचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्वंयसेवको को देश के प्रति सच्चे सिपाही का रूप बताया। मुख्यातिथि सुभाष कलसाना ने स्वंयसेवको में ऊर्जा भरते हुए इन शिविरो के माध्यम से अपने व्यक्तित्व में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने आगामी समय में होने वाले लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में गांव के लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। यहां गांव के सरपंच संजीव कुमार शर्मा व विद्यालय के प्राचार्य आर.के. भाटिया भी मौजूद रहे।

### विधायक के राज्यमंत्री बनने के बाद घर लगा बधाई देने वालों का तांता

# हलके की सेवक बनकर करेंगे सेवा: सुभाष सुधा

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है, इन लोकसभा चुनावों में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र



हल्का थानेसर के लोगों की एक सेवक बनकर दिन-रात सेवा करेंगे और लोगों की सभी समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस हल्का के एक-एक व्यक्ति को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करेंगे और इस कार्य में कोई कोताही नहीं मिलेगी। यह उद्गार प्रदेश के नवनियुक्त राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अपने आवास पर बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं को कहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की और उनके हाथों से मिठाई भी खाई। राज्यमंत्री का लोगों से कहना था कि अब चुनावों का दौर शुरू हो चुका है। इन चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी सीटों पर बहुत ज्यादा मार्जिन से जीत हासिल करेंगी। आज प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कथनी और करनी पर विश्वास करता है। इन दोनों बड़े नेताओं के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। यह चुनाव विकास, पारदर्शी प्रणालियों और भ्रष्टाचार से प्रदेश को मुक्ति दिलाने तथा बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार दिलाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। इस देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है। इन लोकसभा चुनावों में फिर से भाजपा सरकार बनेंगी और श्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। आज देश का प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में वोट करने के लिए तत्पर है। राज्य मंत्री ने कार्यकताअरं और नागरिकों को आश्वासन दिलवाते हुए कहा कि हल्का के सेवक के रूप में हमेशा कार्य करते रहेंगे और छोटे से छोटे कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। यह उनकी तरफ से सुनिश्चित किया जाएगा। वे लोगों के द्वार पर जाकर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस प्रदेश में लोगों के आशीर्वाद से तीसरी बार भाजपा सरकार बनेंगी। आज देश और प्रदेश में विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है, चारों तरफ भाजपा पार्टी की पारदर्शी नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं के चर्चे है।

# ‘घर-घर कांग्रेस’ अभियान को हम हर घर और गली तक लेकर जाएंगे

■ पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, कहा प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने वीरवार को अंबाला शहर के बलदेव नगर व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान एक डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात भी की। इसी कड़ी में छावनी में कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने छावनी के पल्लेदार मोहल्ले व आस पास के इलाकों में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस एक जनसंपर्क अभियान है जिसके अंतर्गत कांग्रेस की टीमें घर-घर जा कर पार्टी के संकल्प,राहुल गांधी की सोच और 'न्याय' की सोच हर किसी तक पहुंचाएगी। हर घर में नीतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा।

घर-घर में जहां लोगों से मुलाकात की तो सामने से जनता ने बेरोजगार युवाओं,टूटी सड़कों और बढ़ती महंगाई के चलते भाजपा सरकार पर रोष व्यक्त किया। निर्मल सिंह ने कहा की पूरा प्रदेश बीजेपी-जेजेपी के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान है। जो कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था वो हरियाणा अब अपराध में नंबर-1 है। विकास में 17वें नंबर पर और महंगाई, बेरोजगारी,नशा,अपराध और भ्रष्टाचार में 1 नंबर पर है।रोजाना चेन स्नैचिंग, चोरी, लूटपाट की घटनाएं आम बात हो गई है। रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। अब जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा की प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए जो सिर्फ कांग्रेस में ही संभव है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संकल्प बताते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन देंगे। हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। हर गृहणी को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर,कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन,गरीब,पिछड़े, दलित परिवारों के लिये 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट की योजना दोबारा शुरु होगी,इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बनवाने के लिए साढ़े 3 लाख रुपये की किश्त भी सरकार देगी। कच्ची भर्ती नीति खत्म कर रिजर्वेशन, पेंशन के साथ पक्की भर्ती शुरु होगी। किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे। केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार आने पर अग्निपथ योजना समाप्त करेंगे।



अंबाला। हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता में मारी बाजी

**अंबाला।** एसए . जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. पदम सिंह शर्मा ₹कमलेश₹ मेमोरियल हिंदी काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### असीम के राज्यमंत्री बनने पर जताई खुशी

**अंबाला।** नगर निगम कार्यालय में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा व सुंदर ढींगरा ने असीम गोयल को राज्यमंत्री बनने पर बधाई दी। लड्डू बांटकर खुशी भी मनाई गई। भाजपा वरिष्ठ नेता सुंदर ढींगरा ने कहा कि असीम गोयल राज्यमंत्री बने है यह अंबाला की जनता का सौभाग्य है। ढींगरा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया।

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जनसंचार व पंजाबी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में₹ फ्रॉम शाय टू शाइन ःपर्सनेलिटी डिवेलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर कलाश्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल एवं अशोक लहरी ने शिरकत की ।कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथियो का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कर, आभार व्यक्त किया।

### विज ने इलेक्टोरल बांड को लेकर कांग्रेस को घेरा

**अंबाला।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा इलेक्टोरल बांड को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले यह (कांग्रेस) अपना तो बताए। विज वीरवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी कर्ण को गिरफ्तार किया है। अब उसे चार दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ति महिला ने 3 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2022 से 18 नवंबर 2022 के दौरान आरोपी कर्ण व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### आरोपी को किया शामिल, जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर मे दर्ज किशोर से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी जागीर खान को शामिल जांच किया है। पीड़िता के पिता ने 15 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 जनवरी 2024 को आरोपी जागीर खान ने उसके पुत्र से दुर्व्यहार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत ड्यूटी का निर्वहन करें अधिकारी

# आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होने पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने नोडल अधिकारियों को दी जरुरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने वीरवार को अपने कार्यालय में लोकसभा आम चुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। साथ ही सभी को बारीकी से जानकारी देते हुए चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत ड्यूटी का निर्वहन करें।

डॉ. शालीन ने ने अधिकारियों को चुनाव के तहत पोलिंग पार्टी की तैयारी कैसे करनी है, सैक्टर ऑफिसर, सैक्टर मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्कवायड , वीडियो सर्विलांस टीम तैयार करने की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी सैक्टर अधिकारियों के साथ सैक्टर मजिस्ट्रेट के शैड्यूल बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिलवाने के आदेश दिए। एआरओ व एईआरओ इस कार्य में लीड करें। ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जो प्रक्रिया है उस बारे भी जानकारी दें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए सी विजल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत अब आम नागरिक भी इस पर दर्ज करवा सकता है। सीविजल एप पर शिकायत आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। सी विजल पर जो शिकायत प्राप्त होगी 100 मिनट के अंदर उसका समाधान किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप एक्टीविटी के तहत कहा कि जिले में अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी लगाया गया है, इसके साथ-साथ सभी खंडों के बीईओ को स्वीप एक्टीविटी के तहत मतदान बारे आमजन को जागरूक करने का काम किया जायेगा ताकि सभी मतदान के प्रति और लोग जागरूक होकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी अहम भूमिका निभा सकें।

स्वीप एक्टीविटी के तहत मतदान केन्द्रों पर सूचना पट्ट चश्पा हो, जिस पर मतदान केंद्र का नाम, संख्या, बीएलओ का नाम व मोबाईल नम्बर अंकित हो। मतदान के दिन मतदाता को आधार कार्ड व वोटर कार्ड के साथ अन्य जो आवश्यक दस्तावेज में से एक कोई भी दस्तावेज साथ ले जाए, उस बारे जानकारी दें ताकि उसे मतदान करने में आसानी हो। उन्होने यह भी कहा कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपनी वोट बनवा सकता है। इस दौरान किसी की वोट काटने का काम नहीं किया जाएगा। चुनाव के दौरान जिस पुलिस कर्मचारी या अधिकारी जोकि यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला से संबध रखते हैं और उनमें से उनकी तैनाती अंबाला में है तो ऐसे पुलिस कर्मचारी या अधिकारी ईडीसी प्राप्त कर सकते हैं ताकि मतदान के दिन जहां उनकी ड्यूटी हो, वे भी अपने मत का प्रयोग कर सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक तरीके से करवाने बारे भी तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बलो की टुकडियों के साथ-साथ गृहरक्षी (होमगार्ड) के जवानों की तैनाती की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम यश जालुका, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, आरटीए सुशील कुमार, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा के साथ-साथ नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।


अंबाला। नोडल अधिकारियों की मीटिंग लेते जिला निर्वाचन अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### आचार संहिता की उल्लंघना पर होगी कार्रवाई

संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की वास्तविकता को जानते हुए वहां पर अलग से पुलिस की तैनाती की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदर्श आचार संहिता की यदि कहीं पर उल्लंघना पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है। रोड़ शो के दौरान यदि कोई गाड़ी /वाहन बिना परमिशन के पाया गया तो उसे इंपाउंड भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता को अपने मत से सम्बन्धित कोई भी जानकारी चाहिए तो वह वोटर हेल्पलाइन नंबर ऐप पर अपने पंजीकृत मोबाईल के माध्यम से अपने मत की तथा उसका कौन सा बूथ है उसकी जानकारी ले सकता है। इसके साथ-साथ चुनाव कार्यालय अंबाला शहर में कंट्रोल रूम कमरा नम्बर 101, 102 स्थापित किया गया है। 1950 भी सैटअप किया गया है, जिस पर चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जो भी कार्य है उसकी जानकारी ली व दी जा सकती है।

## होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर

■ होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

त्यौहारों पर अक्सर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। जिला के सभी थाना.चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। होली के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे.चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि होली पर किसी तरह का हुड़दंग ना हो इसके लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे बदमाश जो अक्सर त्योहारों पर ही बदमाशी करते हुए कानून व्यवस्था और शांति का माहौल खराब करने का प्रयास करते हैंए उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारी ऐसे बदमाशों की लिस्ट को अपडेट करें। ऐसे बदमाशों के बारे में पूरी जानकारी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें। इस तरह से उन्होंने थाना प्रभारियों को आगामी त्योहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।बदनियती से हुड़दंग करनेए किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।


अंबाला। नशे के खिलाफ छात्रों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

## नशे के खिलाफ छात्रों को किया जागरुक कहा नशे से बर्बाद हो रही है युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ छात्रों को जागरुक किया गया। जागरुकता अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर चलाया जा रहा है। एसपी नितिका गहलोत एवं जगबीर सिंह अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इस कड़ी में वीरवार को गर्वनमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल बलदेव नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य सतबीर सिंह व योगराज शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्यूरो के सह उप निरीक्षक संदीप कुमार व फूल कुमार ने स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के प्रारम्भ होने से लेकर उसके परिणाम तक की कहानी विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो सबसे पहले हमारी मां हमें सेवन के लिए देती। जो वस्तु मां ने हमें सेवन के लिए नहीं दी, पिता ने खाने पीने को नहीं कहा, वह हमारे लिए विष के समान है। विभिन्न उदाहरण और काव्य एवं गायन द्वारा उन्होंने प्रतिबंधित नशे के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इनका उत्पादन, सेवन, क्रय विक्रय और तस्करी नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।


अंबाला। कार्यशाला में सुधीर ग्रोवर का स्वागत करते हुए शिक्षक।

## छात्रों को वैदिक गणित और गणित संबंधी समस्याओं को तेजी से हल करने के सूत्र बताए

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग व प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा ₹वैदिक गणित ₹ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में पेट्रन कॉलेज प्राचार्य संजय शर्मा तथा को-पेट्रन डॉ. देशराज बाजवा रहे । कार्यशाला के मुख्य वक्ता इंफो मैथ्स स्टडीज के डायरेक्टर सुधीर ग्रोवर रहे। कार्यशाला में कॉलेज के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को वैदिक गणित द्वारा गणित संबंधी विभिन्न समस्याओं को तेजी से हल करने के सूत्र बताए गए । कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए उप प्राचार्य डॉ. बाजवा ने प्लेसमेंट सेल व कंप्यूटर साइंस विभाग के सभी सदस्यों को बधाई दी ।

## व्यक्तित्व विकास शिविर में हिस्सेदारी कर रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ मुरलीधर डीएवी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है शिविर, कई गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं छात्र

मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद वीरवार को व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 30 मार्च तक चलेगा। इस शिविर में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के लिए यह शिविर निशुल्क किया गया गया है। इस शिविर का उद्घाटन समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी द्वारा किया गया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुदेश व वंदना ने प्रधानाचार्य को ओउम पट पहनाया व पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस व्यक्तित्व विकास शिविर मे विभिन्न क्रिया-कलाप नृत्य, संगीत,योग, आर्ट क्राफ्ट, वैदिक मैथ्स, अबेकस, फन गेम्स, रचनात्मक क्रियाएं आदि है। इनमें छात्र हिस्सा लेकर अपने व्यक्तित्व मे विकास कर सकते हैं। ये सभी क्रियाकलाप अनुभवी अध्यापको व कोच और कोऑर्डिनेटर सुदेश व वंदना के मार्गदर्शन मे हो रही है। प्रथम दिन डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने कहा कि छात्र वार्षिक परीक्षाएं होने के बाद बिल्कुल फ्री हो जाते हैं।


अंबाला। व्यक्तिगत विकास शिविर में हिस्सेदारी करते छात्र।

## पेशी के दौरान स्नेचिंग के आरोपी ने फरार होने का किया प्रयास, सुरक्षाकर्मी के साथ हाथापाई भी की

**अंबाला।** पेशी के दौरान एक आरोपी ने पुलिस हिरासत से फरार होने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने सुरक्षाकर्मी को जान से मारने की धमकी दी भी। अब पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल चेन स्नेचिंग के आरोप में पकड़े गए आरोपी हन्नी को सुरक्षाकर्मी पेशी के लिए कोर्ट नंबर-1 के सामने बक्शी खाना के पास पहुंचे थे। यहां आरोपी ने कहा कि उसे छोड़ दो, जब उसने नहीं छोड़ा तो आरोपी हन्नी ने भागने की नीयत से उससे अपना हाथ छुड़वाने की कोशिश की। आरोपी ने सुरक्षाकर्मी के साथ हाथापाई भी करने का प्रयास किया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को बक्शी खाना मे बंद कर दिया। इसके पश्चात सिपाही ने चौकी नंबर-5 पुलिस को इसकी शिकायत सौंपी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एजुकेशनल फेस्ट में मुख्यअतिथि ने छात्राओं से किया आग्रह

# खाद्य उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर, विदेश की ओर रुख न करें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्ज कॉलेज में करियर गाइडेंस सैल एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान से एजुकेशनल फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 संस्थानों ने भाग लिया और कॉलेज में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्टाल लगाए गए। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सरदार गुरबख्श सिंह और प्रोडक्सन हाउस के ऑनर तथा कपिल मदान, स्वाबलंबी भारत से गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने कहा कि एजुकेशन फेस्ट के माध्यम से छात्राओं को अपने भविष्य के लक्ष्य चुनने में बहुत सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में सफलता व उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए ज्ञानर्जन अति आवश्यक है। कुछ पंक्तियों के माध्यम से उन्होंने कहा ‘‘इंसान वो नहीं जो चेहरे से दिखे, इंसान वो है जो सोच से दिखे’’। उन्होंने कहा कि जिस काम में काम करने की हद पार न हो, वो काम किसी काम का नहीं। मुख्यातिथि सरदार गुरबख्श सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत में सफलता है और आनंद भी। लड़कियां ही समाज में बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने युवा वर्ग को विदेश में न जाकर अपने देश में ही कार्य व बिजनेस सैटअप करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खाद्य उद्योग में बहुत से अवसर हैं। उन्होंने फूड क्वालिटी के ऊपर फोकस करने के लिए कहा और छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियों की मेहनत ने रंग दिखाया है और हर क्षेत्र में सिक्का जमाया। आने वाला समय आपका है और साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज चड़दी कला में रहे। इस तरह की शुभकामनाएं महाविद्यालय को उन्होंने दी। इस एजूकेशन फेयर में कंपनियों के द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव के लिए विभिन्न कंपनियों जैसे क्रोसलैंड एजूकेशन एंड करियर, रामाडा, जिरकपुर, बार्बी क्यूनेशन, प्यूमा, मुत्थुट फाइनेंस, जॉब कोच, विद्या ज्योति एडुवर्सिटी, डिग्गी एम्कर्टस और एचडीएफसी लाइफ आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 80 छात्राओं ने साक्षात्कार दिया जिसमें 39 छात्राओं का चयन किया गया। इसमें 15 जॉब कोच के द्वारा इंश्योरेंस और हॉस्पिटेलिटी में 20, एचडीएफसी लाइफ व 4 स्कोलार्स के द्वारा चयन किया गया। इसके साथ-साथ स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए मिलेट्स व मिलेट्स से बने पदार्थों की स्टाल भी लगाई गई। इसके माध्यम से छात्राओं में स्वरोजगार स्कील्स को बढ़ाने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करियर गाइडेंस सैल व एनएसएस यूनिट्स के संयुक्त तत्वावधान से संपन्न हुआ।


अंबाला। एजुकेशनल फेस्ट में स्टालों का अवलोकन करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।